दैनिक जागरण 05/04/2024

एनसीसी कैडेटों को अग्निवीर भर्ती के बारे में दी जानकारी

जीएमएन कालेज में एनसीसी कैडेटों को संबोधित करता सेना अधिकारी। ● विज्ञप्ति

जासं, अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला छावनी में कैप्टन डा. एसएस नैन की अध्यक्षता में एनसीसी के तत्वावधान में सेना भर्ती/अग्निवीर योजना पर एक विस्तारित व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान मे मुख्य वक्ता के रूप में सब एनएन झा सब आई बासु मैत्री, सीएफएन अनीश, यूनिट 901 एडी डब्ल्यू के, एस एच रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को डिफेंस के क्षेत्र में प्रवेश प्रक्रिया और उसमें सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देशों पर विस्तार से चर्चा की। प्राचार्य ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम युवाओं में देशभक्ति और सेवा भावना को बढ़ाते हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को डिफेंस सेवाओं में प्रवेश हेतु विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी के लिए सरल तकनीक बताई गई है, जिससे वे डिफेंस के क्षेत्र में अपना उज्जवल भविष्य बना सकते हैं। एनसीसी(गर्ल्स विंग) की प्रभारी डा. तृप्ति शर्मा ने कहा कि व्याख्यान के माध्यम से एनसीसी विभाग ने युवाओं को एक नया दृष्टिकोण प्रदान किया है।